# बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना
## तकनीकी निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही

File No.- BMSIC/75030/16-2024 NIT No.-BMSICL/Infra/19/2024

आज दिनांकः–22/11/2024 को बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना के सभाकक्ष में उपरोक्त NIT-19/2024 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु प्राप्त तकनीकी बिड के मूल्यांकन एवं निष्पादन हेतु निविदा समिति की बैठक मुख्य महाप्रबन्धक (परियोजना) बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें निम्न पदाधिकारियों ने भाग लिएः–

(1) श्री इम्तियाज अहमद, मुख्य महाप्रबन्धक (परियोजना) बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना–अध्यक्ष
(2) संयुक्त सचिव –सह– प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना– सदस्य (अनुपस्थित)
(3) श्री राम मोहन सिंह, महाप्रबन्धक (परियोजना), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य
(4) श्री हरेन्द्र राम, महाप्रबन्धक (प्रोक्युरमेंट), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य
(5) श्री प्रिय रंजन राजू, प्रभारी आधारभूत संरचना, राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना–सदस्य
(6) श्री रमेन्द्र कुमार, महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य
(7) श्री, रामा शंकर प्रसाद, उप महाप्रबन्धक (मुख्यालय), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य
(8) श्री, मनीष कुमार, उप महाप्रबन्धक (निविदा), बी.एम.एस.आई.सी.एल.पटना– सदस्य

निगम द्वारा निविदा आमंत्रण संख्या–BMSICL/Infra/19/2024, दिनांकः–18/09/2024 के द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु ई–टेंडर पद्धति से निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा के प्रकाशन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक सं0– BMSIC/75030/16-2024/5249 दिनांकः–18/09/2024 द्वारा निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पटना को राज्य के प्रमुख विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु अनुरोध किया गया। फलस्वरूप सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन दिनांकः–20/09/2024 को हिन्दुस्तान एवं अन्य समाचार पत्रों में किया गया, जिसका विज्ञापन संख्या–PR-008553 (B & C) 2024–25 है। निविदा के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु उक्त निविदा का प्रकाशन निगम के वेबसाईट www.bmsicl.gov.in एवं https://eproc2.bihar.gov.in पर भी किया गया।

निविदा आमंत्रण के पश्चात् विभिन्न निविदादाताओं से प्राप्त निविदाओं को ई–प्रोक 2 के वेबसाईट पर दिनांकः–04/10/2024 को खोला गया। तदोपरांत मूल्याकंन करते हुए Clarification प्राप्त करने हेतु तकनीकी मूल्याकंन समिति की दिनांक 18/11/2024 की आहुत बैठक की कार्यवाही को ई–प्रोक 2 के वेबसाईट पर अपलोड किया गया, जिसके उपरांत अभ्यावेदन/आपत्ति अप्राप्त रहने की स्थिति में निविदा निष्पादन हेतु पुनः तकनीकी निविदा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गए :–

**ग्रुप संख्याः–01 सदर अस्पताल सिवान में 100 शैयुया वाले MCH Wing के भवन का निर्माण कार्य। परिमाण विपत्र की राशि रू0 19,88,15,980/- (उन्नीस करोड़ अठासी लाख पन्द्रह हजार नौ सौ अस्सी रूपया मात्र) एवं कार्य पूर्णता की अवधि 12 माहः**– इस कार्य हेतु दो निविदाएँ प्राप्त हुई है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

1.1 **M/S MAA VINDHYAWASINI ENTERPRISES, RANCHI** :– उक्त निविदादाता द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना के अनुरूप सभी दस्तावेज **Upload** किया गया है, जो सही है। जाँचोपरान्त उक्त निविदादाता की निविदा को तकनीकी रूप से **Responsive** एवं सफल पाया गया।

1.2 **SANJEEV KUMAR, PATNA** :– उक्त निविदादाता द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना के अनुरूप सभी दस्तावेज **Upload** किया गया है, जो सही है। जाँचोपरान्त उक्त निविदादाता की निविदा को तकनीकी रूप से **Responsive** एवं सफल पाया गया।

**इस कार्य हेतु प्राप्त दो निविदाओं में से दोनों निविदादाताओं की निविदा तकनीकी रूप से Responsive पाया गया, जिसके फलस्वरूप सफल निविदादाताओं के निविदा की वित्तीय निविदा खोलने की अनुशंसा की जाती है।**

**ग्रुप संख्याः–02 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चैनपुर सिसवन जिला–सिवान में 50 शैय्या वाले प्री–फैब फिल्ड के निर्माण कार्य। परिमाण विपत्र की राशि रू0 3,31,07,172/- (तीन करोड़ इकतीस लाख सात हजार एक सौ बहत्तर रूपया मात्र) एवं कार्य पूर्णता की अवधि 04 माहः–**

इस कार्य हेतु एकल निविदा प्राप्त हुई है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा एकल होने के फलस्वरूप पुनर्निविदा करने की अनुशंसा की जाती है।

**ग्रुप संख्याः–03 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम–नंदा मुंडा, प्रखंड–सिसवन, जिला–सिवान के भवन निर्माण का अवशेष कार्य। परिमाण विपत्र की राशि रू0 85,79,105/- (पचासी लाख उनासी हजार एक सौ पाँच रूपया मात्र) एवं कार्य पूर्णता की अवधि 06 माहः–** इस कार्य हेतु तीन निविदाएँ प्राप्त हुई है, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

3.1 **BRAJESH KUMAR, PATAN** :– उक्त निविदादाता द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना के अनुरूप सभी दस्तावेज **Upload** किया गया है, जो सही है। जाँचोपरान्त उक्त निविदादाता की निविदा को तकनीकी रूप से **Responsive** एवं सफल पाया गया।

3.2 **GANGA SERVICES, PATNA** :– उक्त निविदादाता द्वारा द्वारा समर्पित अभिलेख के जाँचोपरांत निम्नलिखित तथ्य परिलक्षित हुए–

(i) निविदादाता के द्वारा समरूप कार्य के लिए अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना था, परंतु निविदादाता द्वारा निविदा अभिलेख के साथ जीर्णोद्धार कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है जो मान्य नहीं है।

उक्त के आलोक में पूर्व के बैठक में उनसे उक्त बिन्दु पर **Clarification** लेने का अनुशंसा किया गया था। जिसके प्रतिउत्तर में निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि तक eproc2 पर कोई भी **Clarification** समर्पित नही किया गया है।

फलस्वरूप उपरोक्त आवश्यक अहर्त्ता को पूरा नही किए जाने के कारण उक्त निविदादाता की तकनीकी निविदा को असफल एवं **Non Responsive** किया जाता है।

3.3 **BHASKAR CONSTRUCTION, PATNA** :– उक्त निविदादाता द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना के अनुरूप सभी दस्तावेज **Upload** किया गया है, जो सही है। जाँचोपरान्त उक्त निविदादाता की निविदा को तकनीकी रूप से **Responsive** एवं सफल पाया गया।

**इस कार्य हेतु प्राप्त तीन निविदाओं में से दो निविदादाताओं की निविदा तकनीकी रूप से Responsive पाया गया, जिसके फलस्वरूप सफल निविदादाताओं के निविदा की वित्तीय निविदा खोलने की अनुशंसा की जाती है।**

अन्त में समिति की बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त की गई।
अनुलग्नक–तुलनात्मक विवरणी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sd/-<br>(मनीष कुमार)<br>उप महाप्रबंधक (निविदा)<br>BMSICL, Patna | Sd/-<br>(रामा शंकर प्रसाद)<br>उप महाप्रबंधक (मुख्यालय)<br>BMSICL, Patna | Sd/-<br>(रमेन्द्र कुमार)<br>महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा),<br>BMSICL, Patna | Sd/-<br>(राम मोहन सिंह)<br>महाप्रबंधक (परियोजना)<br>BMSICL, Patna |
| Sd/-<br>(प्रिय रंजन राजू)<br>प्रभारी आधारभूत संरचना,<br>राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना | Sd/-<br>(हरेन्द्र राम) महाप्रबन्धक<br>(प्रोक्युरमेंट)<br>BMSICL, Patna | Abs/-<br>संयुक्त सचिव –सह– प्रतिनिधि,<br>स्वास्थ्य विभाग बिहार पटना | Sd/-<br>(इम्तियाज अहमद)<br>मुख्य महाप्रबन्धक (परियोजना)<br>BMSICL, Patna |